Seat No. : ______________

MA-I-54

April-2007

Hindi

Paper-III

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. ध्वनि का स्वरूप स्पष्ट करते हुए ध्वनि-काव्य के प्रमुख भेदों पर प्रकाश डालिए । (20)

अथवा

रीति की अवधारणा स्पष्ट करते हुए काव्य-गुण की चर्चा कीजिए ।

2. उदात्त की परिभाषा देते हुए उसके स्रोतों पर प्रकाश डालिए । (20)

अथवा

आई.ए. रिचर्ड्स के काव्य सिद्धांतों की चर्चा कीजिए ।

3. अस्तित्ववादी चिंतन पर प्रकाश डालिए । (20)

अथवा

संरचना वाद का परिचय देते हुए उसके महत्त्व को रेखांकित कीजिए ।

4. निम्नलिखित संक्षिप्त प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (20)

(अ) साधारणीकरण **अथवा** अलंकार सिद्धांत की मूल स्थापनाएँ

(आ) ललित कल्पना **अथवा** ट्रेजेडी का प्लॉट

(इ) केशवदास **अथवा** रीतिकालीन काव्य-शास्त्र की सीमाएँ

(ई) शास्त्रीय आलोचना **अथवा** तुलनात्मक आलोचना

5. निम्नलिखित अति-लघुत्तरी एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (20)

1. इनमें से विचार किसका लक्षण है ?

(क) कल्पना (ख) उदात्त

(ग) ट्रेजेडी (घ) अभिव्यंजनावाद

2. कुन्तक ने किसको अलंकार की कोटि में स्थान नहीं दिया ?
(क) अतिश्योक्ति (ख) स्वाभावोक्ति
(ग) अन्योक्ति (घ) वक्रोक्ति

3. औचित्य पर इनमें से किसकी विस्तृत व्याख्या मिलती है ?
(क) क्षेमेन्द्र (ख) आनंदवर्द्धन
(ग) अभिनव गुप्त (घ) विश्वनाथ

4. शंकुक ने इनमें से किस प्रतीति का समर्थन किया ?
(क) मिथ्या प्रतीति (ख) सम्यक प्रतीति
(ग) चित्र-तुरंग-प्रतीति (घ) संशय-प्रतीति

5. विभाव स्थायी चित्तवृत्ति की उत्पत्ति में कारणभूत है – ऐसा इनमें से कौन मानता था ?
(क) भट्ट लोल्लट (ख) आचार्य शंकूक
(ग) भट्ट नायक (घ) अभिनव गुप्त

6. काल, कारक, वचन, पुरुष किस वक्रता के अन्तर्गत आते हैं ?
(क) पद-पूर्वार्द्ध (ख) प्रत्यय
(ग) वाक्य (घ) वर्ण-विन्यास

7. "विस्मय युत लखि सुनि कछु, अचरज रह उर छाय
मृदुल गात क्यों साँवरो, गिरिवर लीन उठाय" – में कौन-सा स्थाई-भाव है ?
(क) स्नेह (ख) आश्चर्य
(ग) हास (घ) निर्वेद

8. रस-रहस्य के रचयिता इनमें से कौन हैं ?
(क) केशवदास (ख) कुलपति
(ग) श्रीपति (घ) भिखारी दास

9. हजारी प्रसाद की कबीर पर आलोचना इनमें से किसके अन्तर्गत गिनी जाएगी ?
(क) व्यक्तिवादी (ख) प्रभाववादी
(ग) ऐतिहासिक (घ) समाज शास्त्रीय

10. कृति के सहारे लेखक की अन्त:प्रकृति की छान-बीन किस प्रकार की आलोचना द्वारा संभव है ?
(क) तुलनात्मक (ख) शास्त्रीय
(ग) शैली वैज्ञानिक (घ) मनोविश्लेषणवादी

11. दी वेस्ट लैंड किसकी रचना है ?
(क) वड्र्सवर्थ (ख) प्लेटो
(ग) टी.एस. इलियट (घ) एस.टी. कॉलरिज

12. 'कविता की भाषा और गद्य की भाषा में कोई तात्विक भेद नहीं होता' – ऐसा कौन मानता था ?
(क) कॉलरिज (ख) लॉजायनस
(ग) अरस्तू (घ) वड्र्सवर्थ

13. त्रासदी में हैमर्शिया का उल्लेख किसके संदर्भ में आता है ?

(क) नायक (ख) वस्तुविन्यास

(ग) विचार (घ) गीत

14. इनमें से निर्वैयक्तिकता की चर्चा किसने की है ?

(क) कॉलरिज (ख) इलियट

(ग) लॉजायनस (घ) रिचर्ड्स

15. काव्य में अनैतिकता को लेकर कौन चिंतित था ?

(क) अरस्तू (ख) प्लेटो

(ग) इलियट (घ) सार्त्र

16. उदात्त भाषा शैली का प्रयोग इनमें से किस वाद की शैलीगत विशेषता है ?

(क) आधुनिकतावाद (ख) अभिव्यंजनावाद

(ग) आभिजात्य वाद (घ) विखंडन वाद

17. क्रोचे ने आत्मा की मूलत: कितनी प्रवृत्तियाँ बताई हैं ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

18. 'विखंडन एक प्रकार की भाषायी रणनीति है' – ऐसा इनमें से कौन मानता था ?

(क) सस्सूर (ख) देरिदा

(ग) क्रोचे (घ) सार्त्र

19. उत्तर-आधुनिकता पद का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?

(क) जॉन बार्थ (ख) इलीयट

(ग) देरिदा (घ) सस्सूर

20. हीनता एवं श्रेष्ठता ग्रंथी की बात इनमें से किसने की है ?

(क) फ्रायड (ख) एडलर

(ग) जुंग (घ) लॉरेन्स